ढाबों की आड़ में परोसा जा रहा जहर

वीडियो में कैद हुआ कुरई पुलिस के चहेते माफियाओं का लाइव कारनामा

सिवनी नवभारत। जिले की कानून-व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। कुरई पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहगांव सड़क में इन दिनों अवैध शराब और गांजे की नदियां बह रही हैं। सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि इस पूरे काले कारोबार की जानकारी होने के बावजूद कुरई पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। कुरई पुलिस की इसी अकर्मण्यता और माफिया प्रेम के खिलाफ आज क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी अभिलाष राय ने सीधे पुलिस अधीक्षक को एक तीखा और आलोचनात्मक शिकायती आवेदन सौंपा। इस शिकायती पत्र ने सीधे तौर पर कुरई थाना पुलिस की नीयत और कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

सौंपे गए आवेदन में समाजसेवी अभिलाष राय ने कुरई पुलिस पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। मोहगांव सड़क क्षेत्र में खुलेआम गांजा और अवैध शराब बेची जा रही है, जिससे पूरा ग्रामीण अंचल नशे की गर्त में डूब रहा है। क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बाद भी कुरई पुलिस का रवैया पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि जो अवैध धंधा ग्रामीणों को साफ नजर आ रहा है, वह कुरई पुलिस की नजरों से कैसे ओझल है? क्या खाकीधारियों की जेबें इस अवैध कमाई से गर्म हो रही हैं, जिसके कारण माफियाओं को खुली छूट मिली हुई है?

इस पूरे मामले में कुरई पुलिस की भूमिका तब और ज्यादा संदिग्ध हो जाती है, जब नशे के सौदागरों के नाम साफ तौर पर जगजाहिर हैं। आवेदन में सीधे तौर पर क्षेत्र को बर्बाद कर रहे इन चार मुख्य आरोपियों के नाम सौंपे गए है। इनमें योगेश सोनी (पिता - रामनारायण सोनी), अमरदीप मिक्की भाटिया (पिता - हरदीप सिंह भाटिया), अखिलेश सोनी (पिता - संतोष सोनी)

ढाबे से खुलेआम बेची जा रही शराब

इस शिकायत के साथ एक बेहद चौंकाने वाला और पुख्ता सबूत भी सामने आया है। क्षेत्र के ढाबों से धड़ल्ले से शराब बेचने का एक लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे बेखौफ होकर ये आरोपी अपने ढाबों की आड़ में अवैध शराब का काउंटर चला रहे हैं। भोजन की आड़ में चल रहा यह नशे का कारोबार कुरई पुलिस के उन दावों की धज्जियां उड़ा रहा है जिसमें वे कड़ी निगरानी की बात करते हैं। यह वीडियो चीख-चीख कर गवाही दे रहा है कि कुरई पुलिस ने आंखें मूंद रखी हैं।

सरदार सिंह भाटिया उर्फ राजा भाटिया ये चारों नामजद आरोपी बिना किसी खौफ के अपनी अवैध दुकानें चला रहे हैं। इन रसूखदार माफियाओं के नाम सामने आने के बावजूद कुरई थाना प्रभारी और उनकी टीम का इन पर हाथ न डालना, पुलिसिया इकबाल के पूरी तरह खत्म होने का खुला सबूत है।

समाजसेवी अभिलाष राय ने तीखे शब्दों में कहा कि कुरई पुलिस की लापरवाही के कारण आज मोहगांव सड़क का माहौल पूरी तरह दूषित हो चुका है। नशेड़ियों के कारण आए दिन होने वाली मारपीट, चोरी और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाओं से ग्रामीण दहशत में जीने को मजबूर हैं। अगर स्थानीय थाना पुलिस सजग होती, तो इन अपराधियों के हौसले इतने बुलंद नहीं होते। यह सीधे तौर पर कुरई पुलिस की नाकामी है कि नागरिकों को न्याय और सुरक्षा के लिए सीधे जिले के आला अधिकारियों के दरवाजे खटखटाने पड़ रहे हैं।

आवेदन के माध्यम से सिवनी एसपी से पुरजोर मांग की गई है कि इस पूरे मामले में कुरई पुलिस थाने के लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों की संदिग्ध भूमिका की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

बादलपार स्कूल में छात्रों की सुरक्षा से खिलवाड़

पीएम श्री हाई सेकंडरी स्कूल में वितरित साइकिलों की गुणवत्ता पर उठे सवाल

बादलपार नवभारत। प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना संचालित की जा रही है, लेकिन पीएम श्री हाई सेकंडरी स्कूल बादलपार में वितरित की गई साइकिलों को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में वितरित की गई एक साइकिल में चौंकाने वाली खामियां सामने आई हैं। स्थानीय स्तर पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि साइकिल के कई पुर्जे ढीले थे और सबसे हैरानी की बात यह रही कि साइकिल के पहिए में ट्यूब ही नहीं थी। इतना ही नहीं, साइकिल में लगे टायर में भी दरारें दिखाई दे रही थीं, जिससे उसकी गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि छात्रों को इस प्रकार की घटिया एवं असुरक्षित साइकिलें वितरित की जा रही हैं तो यह न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ भी सीधा खिलवाड़ है। खराब साइकिल के कारण कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रह सकती है।

ग्रामीणों और अभिभावकों ने मांग की है कि संबंधित विभाग द्वारा तत्काल जांच कराई जाए तथा साइकिलों की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच कर दोषी सप्लायर और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि सरकार की जनहितकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने नहीं दिया जाना चाहिए।

अब बड़ा सवाल यह है कि जब साइकिलों का वितरण किया गया, तब उनकी गुणवत्ता की जांच किस स्तर पर की गई? यदि वितरण के समय ही ऐसी खामियां मौजूद थीं तो जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आना चाहिए।

विद्यार्थियों के हितों से जुड़ी इस गंभीर समस्या पर प्रशासन कब तक संज्ञान लेता है, यह देखने वाली बात होगी

एक नजर में

केवलारी विकासखंड में होगी जनसुनवाई

सिवनी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को केवलारी विकासखंड मुख्यालय में विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र के नागरिक अपनी शिकायतें, समस्याएं, मांगें एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे। कलेक्टर श्रीमती मीना स्वयं आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश देंगी। जनसुनवाई में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत, खाद्य, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से संवाद करने का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित होकर शासन-प्रशासन से सीधे संवाद का लाभ उठाएं।

कलेक्टर ने ईव्हीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

सिवनी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नेहा मीना ने गुरुवार को ईव्हीएम वेयरहाउस सिवनी का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों एवं वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था तथा अभिलेखों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उनके समक्ष वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया तथा निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित पाई गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को वेयरहाउस की सुरक्षा एवं रखरखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए।

राजस्व वसूली, शिकायत निवारण एवं बेहतर विद्युत सेवाओं पर विशेष जोर

अधीक्षण अभियंता ने छपारा में ली समीक्षा बैठक, उपभोक्ता हित सर्वोपरि रखने के दिए निर्देश

छपारा नवभारत। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता, सिवनी के द्वारा बुधवार को उपसंभाग छपारा में कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं समस्त कनिष्ठ अभियंताओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराने, राजस्व संग्रहण में वृद्धि तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

ज्ञात हो कि बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता ने राजस्व वसूली की वर्तमान स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ संचालन एवं विकास कार्यों के लिए राजस्व संग्रहण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मुख्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यक्तिगत लक्ष्य प्रदान करते हुए राजस्व वसूली में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक से अधिक नए उपभोक्ताओं को विद्युत कनेक्शन प्रदान कर उपभोक्ता संख्या बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया।

उपभोक्ता हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधीक्षण अभियंता ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं 1912 कॉल सेंटर में लंबित शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए।

बैठक में हाल ही में क्षेत्र में आई तेज आंधी एवं तूफान से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल, तार एवं अन्य विद्युत संरचनाओं की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऐसे सभी स्थलों पर तत्काल सुधार कार्य कर विद्युत आपूर्ति को यथाशीघ्र बहाल किया जाए, जिससे आम उपभोक्ताओं को न्यूनतम असुविधा हो।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान विभागीय अमला सतर्क रहकर त्वरित कार्रवाई करे तथा प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत सेवाओं की शीघ्र पुनर्बहाली सुनिश्चित करे। साथ ही अधीक्षण अभियंता ने अपने मातहत अधिकारियों से कहा कि उपभोक्ताओं के साथ सकारात्मक संवाद बनाए रखें, विद्युत बिलों,नवीन कनेक्शनों एवं शिकायतों से संबंधित समस्याओं का मौके पर समाधान करें तथा आमजन को बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उक्त बैठक में कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं समस्त कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।

आकाशीय बिजली का कहर एक भैंस की मौत, एक गंभीर

कुरई नवभारत। क्षेत्र के ग्राम बादलपार में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौत हो गई, जबकि दूसरी भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना से पशुपालक किसान को लगभग एक लाख रुपये का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बादलपार निवासी डाली राम राठौर (40 वर्ष) ने पुलिस चौकी बादलपार में सूचना दर्ज कराई कि उसके पास पांच भैंसें हैं। गुरुवार 25 जून को उसका पुत्र मुकेश भैंसों को चराने खेत लेकर गया था। दोपहर करीब 1:30 बजे जब वह भैंसों को वापस घर ला रहा था, तभी भीमल टेकरी स्थित रफीक के घर के पास बिजली के खंभे के समीप अचानक तेज गड़गड़ाहट और तड़ित चमक हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज बिजली गिरने के साथ ही दो भैंसें जमीन पर गिर पड़ीं। परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें उठाने का प्रयास किया, लेकिन एक भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरी भैंस घायल अवस्था में है।

घटना की सूचना पर पुलिस चौकी बादलपार ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृत भैंस का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सालय कुरई में कराया गया है।

चौकी प्रभारी इंजन सिंह मर्सकोले ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार भैंस की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हुई प्रतीत होती है। हालांकि अंतिम पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही की जाएगी। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित पशुपालक को उचित आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

कामाख्या तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित

सिवनी। मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कामाख्या तीर्थ यात्रा के लिए सिवनी जिले को कुल 196 यात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है। यह यात्रा 11 जुलाई 2026 से 16 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों एवं इच्छुक श्रद्धालुओं से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय, नगरपालिका अथवा नगर परिषद कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 जून निर्धारित की गई है। आवेदन के साथ आयु संबंधी प्रमाण पत्र, फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड, वोटर आईडी अथवा अन्य वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र) तथा समग्र आईडी की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

लोकतंत्र सेनानियों व नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भाजपा कार्यालय मे आयोजित सम्मान समारोह मे लोकतंत्र सेनानियों एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया। आज दोपहर सिवनी नगर के बारापत्थर स्थित जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मे आपातकाल की बरसीं मे आयोजित लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) के गरिमामय सम्मान कार्यक्रम मे विधायक ने शिरकत किया। तथा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के साथ लोकतंत्र की रक्षा करने वाले लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) का फूलमालाओं से शाल श्रीफल भेंटकर भावभीना सम्मान किया।

इसके साथ ही सभी श्रद्धेय सेनानियों को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने लोकतंत्र सेनानियों के साथ-साथ नवनियुक्त स्थायी आमंत्रित सदस्य ढालसिंह बिसेन पूर्व सांसद एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों श्रीमती नीता पटेरिया पूर्व सांसद, सुजीत जैन पूर्व जिलाध्यक्ष का अंगवस्त्र व श्रीफल देकर आत्मीय सम्मान किया।

इसके साथ ही आपने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि श्रद्धेय लोकतंत्र सेनानियों का त्याग और वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन हमेशा संगठन को मजबूती प्रदान करेगा। इस गरिमामय अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों, वरिष्ठ भाजपा नेताओं, जिला व मोर्चों के पदाधिकारियों, मातृशक्ति एवं देवतुल्य ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

मुख्य मंत्री के खिलाफ फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी

सिवनी नवभारत। जिला यादव महासभा द्वारा 24 जून को दोपहर 03:00 बजे होटल नटराज पैलेस, तिकोना पार्क, सिवनी में एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं एवं मीडिया साथियों का आभार व्यक्त करते हुए महासभा की ओर से कहा गया कि 24 मई को आयोजित जिला सम्मेलन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन के विशाल आयोजन में मीडिया जगत का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन के पूर्व, आयोजन के दौरान तथा आयोजन के पश्चात सभी पत्रकार साथियों ने जिस प्रकार सहयोग प्रदान किया, वह प्रशंसनीय एवं अविस्मरणीय है। महासभा ने भविष्य में आयोजित होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों में भी इसी प्रकार सहयोग एवं मार्गदर्शन बनाए रखने का आग्रह किया।

वार्ता के दौरान मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री एवं यादव समाज के गौरव डॉ. मोहन यादव जी के संबंध में भूमि विवाद एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों पर पत्रकारों द्वारा प्रश्न पूछे गए। इस विषय पर समाज की ओर से स्पष्ट किया गया कि यदि लगाए गए आरोप निराधार एवं मिथ्या सिद्ध होते हैं तो यादव समाज पूरी मजबूती के साथ डॉ. मोहन यादव जी के साथ खड़ा है। समाज का मानना है कि इस विषय की निष्पक्ष एवं गंभीर जांच होनी चाहिए तथा जिन लोगों ने भ्रामक एवं तथ्यहीन जानकारी प्रसारित कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया है, उनके विरुद्ध उचित कार्यवाही की जानी चाहिए।

समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि डॉ. मोहन यादव जी एक कर्मठ, निष्ठावान एवं संघर्षशील व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, क्षमता एवं बाबा महाकाल के आशीर्वाद से यह मुकाम प्राप्त किया है। उन पर लगाए जा रहे आरोप केवल राजनीतिक घटनाक्रम का हिस्सा प्रतीत होते हैं।

यादव समाज सदैव समाज एवं राष्ट्रहित के साथ खड़ा रहा है तथा सभी जातियों, वर्गों एवं धर्मों का सम्मान करता है। समाज सामाजिक समरसता, सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता के मूल्यों में विश्वास रखता है। पत्रकार वार्ता में जिला यादव महासभा के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, एडवोकेट अखिलेश यादव, रमण यादव (बाबू भैया), विनोद यादव, के.के. यादव, महेश यादव, उमेश यादव, रामकिशोर यादव, राजेन्द्र यादव सहित अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

आयोजन छपारा नगर सहित ग्राम प्रतापगढ़ में धार्मिक अनुष्ठानों की रही धूम, बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

मां गायत्री प्रकटोत्सव पर श्रद्धा के साथ हुआ तीन कुंडीय महायज्ञ का आयोजन

छपारा नवभारत। नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में मां गायत्री प्रकटोत्सव का पावन पर्व बेहद श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर गायत्री मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें आहुतियां डालने और पुण्य लाभ कमाने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

छपारा नगर- विधि-विधान से दी गई आहुतियां

नगर के शंकर मढ़िया के समीप स्थित मां गायत्री मंदिर में छपारा गायत्री परिवार के तत्वावधान में 24 जून को सुबह ठीक 9 बजे से मां गायत्री प्राकट्योत्सव के पावन अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मंदिर परिसर में पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तीन कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। इस महायज्ञ में स्थानीय नागरिकों और गायत्री परिवार के सदस्यों ने सपरिवार सम्मिलित होकर विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दीं। धार्मिक भजनों और मंत्रों की गूंज से पूरा छपारा नगर भक्तिमय हो उठा।

सार्थक संदेश के साथ संपन्न हुआ अनुष्ठान

दोनों ही स्थानों पर आयोजित इन धार्मिक कार्यक्रमों में न केवल पूजा-अर्चना की गई, बल्कि उपस्थित जनसमुदाय को मां गायत्री के विचारों, सद्बुद्धि और समाज कल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती की गई और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी का वितरण किया गया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय गायत्री परिवार, प्रज्ञा पीठ परिवार के सदस्यों सहित समस्त क्षेत्रवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

ग्राम प्रतापगढ़- प्रज्ञा पीठ परिवार ने संभाली कमान

प्राकट्योत्सव का ऐसा ही भव्य और आध्यात्मिक नजारा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम प्रतापगढ़ में भी देखने को मिला। प्रतापगढ़ स्थित गायत्री मंदिर में गांव के प्रज्ञा पीठ परिवार द्वारा भव्य तीन कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी थी। बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने यज्ञशाला की परिक्रमा की और यज्ञ नारायण भगवान का आशीर्वाद लिया।

जवाहर नवोदय विद्यालय में रिक्त सीटों पर प्रवेश शुरू

सिवनी नवभारत। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा, जिला-सिवनी (म.प्र.) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा ग्यारहवीं कॉमर्स एवं कला संकाय की 05 रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित एक सह-शैक्षणिक आवासीय संस्था है, जहाँ छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क शिक्षा, भोजन और आवासीय व्यवस्था प्रदान की जाती है। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा जारी सूचना के अनुसार, कक्षा दसवीं सत्र 2025-26 में अभ्यर्थी ही इन रिक्त सीटों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय से आवेदन-पत्र प्राप्त कर उसे पूर्ण रूप से भरकर 29 जून 2026 तक विद्यालय में जमा कर सकते हैं। यह आवेदन की अंतिम तिथि है।

आवश्यक दस्तावेजों में अभ्यर्थी की कक्षा दसवीं की अंकसूची, अभ्यर्थी का नवीनतम फोटो, अभ्यर्थी का जाति प्रमाण-पत्र, मूल-निवासी प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, समग्र आईडी, अभ्यर्थी के हस्ताक्षर, अभिभावक के हस्ताक्षर, छात्र और माता-पिता का आधार कार्ड अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी अधिक जानकारी या किसी भी पूछताछ के लिए मोबाइल नंबर 9425569488 पर संपर्क किया जा सकता है।

किराए से देना

अनमोल रेसीडेंसी, आशिर्वाद पेलेस के सामने, वरदान नेत्रालय के बाजू मे ज्यारत मे टू-बी.एच.के. मकान एवं मकान से सटी 14X18 तीन दुकान किराए से देना है।

संपर्क करे

6264000057